Nai Dunia (Indore), 14th September 2023, Nai Dunia City, Page – I

# कोविड-19 से होने वाली मौतों में नेक्रोप्टोसिस भी रहा एक कारण

## आइआइटी इंदौर द्वारा किए गए शोध में सामने आई वजह

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में कोविड-19 से होने वाली मृत्यु के कारणों पर किए जा रहे शोध में पता चला है कि इस संक्रमण से हुई मौतों में नेक्रोप्टोसिस भी एक कारण था। दरअसल, सीरम फेरिटिन में वृद्धि कोविड-19 रोगियों की मौतों का प्राथमिक कारण थी, जो कि फेरोप्टोसिस के कारण बन रही थी। वहीं कुछ मृत्यु ऐसी भी हुईं, जिनमें सीरम फेरिटिन नहीं बढ़ रहा था। इसी के चलते कोरोनाकाल में होने वाली मृत्यु की वजह का पता लगाने के लिए यह अध्ययन किया गया।

बायोसाइंसेज और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और इस अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता डा. हेमचंद्र झा ने कहा कि सीरम फेरिटिन कोविड-19 के अत्यंत घातक होने जाने की एक महत्वपूर्ण वजह है। फेरोप्टोसिस द्वारा सेल डेथ से भी जुड़ा है। यह अध्ययन कम सीरम फेरिटिन रोगियों से जुड़ी सेल डेथ की क्रियाविधिक समझ भी उपलब्ध करा सकता है।